सार-समाचार

पंजाब बाढ़ पीड़ितों का सहयोग प्रदान

जालोर, (कासं)। हाल ही में पंजाब बाढ़ में हुई भीषण बाढ़ से जान माल की हानि को देखते हुए पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए प्रांतीय आर्य वीर दल राजस्थान की और से सहयोग प्रदान किया। आर्य वीर दल राजस्थान के अध्यक्ष भंवरलाल आर्य ने बताया कि आर्य जगत के अंतर्राष्ट्रीय सन्यासी स्वामी आर्यवेश के निर्देशनुसार युवा क्रान्तिकारी सन्यासी स्वामी आदित्यवेश के नेतृत्व में पंजाब में बाढ़ पीड़ितों से मिल रहे है और राहत कार्य किया जा रहा है। मूल आवश्यकता की पूर्ति की जा रही है। इन्ही कार्यो को आगे बढाते हुए प्रांतीय आर्य वीर दल राजस्थान ने निर्णय लिया की इस पुनीत कार्य में सहयोग की आहुति लगाईं जायेगी। इसके लिए जोधपुर जालोर, बालोतरा, शिवगंज सिरोही, पाली, जयपुर, कोटा, अजमेर सहित आर्य समाजो से राजस्थान प्रान्त की और से भंवरलाल आर्य, विनोद आर्य, शिवदत्त आर्य, जितेंद्र सिंह, हरदेव आर्य, छवि आर्या, राजेंद्र गहलोत, दिलीप गहलोत की और से सहयोग राशि एकत्रित की गई। एकत्रित राशि आज दिल्ली मे सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा भारत के प्रधान स्वामी आर्यवेश, राष्ट्रीय मंत्री बिट्टल राव, स्वामी आदित्य वेश , बहन प्रवेश आर्या से भेंट कर राजस्थान प्रतिनिधियों द्वारा दो लाख पंद्रह हजार रुपये एकत्रित राशि का चेक पंजाब पीड़ितों के सहयोग के लिए आज प्रदान की, और आश्वासन दिया की आर्य वीर दल राजस्थान हमेशा आपके साथ खडा रहेगा। इस अवसर पर आर्य वीर दल राजस्थान के अध्यक्ष भंवरलाल आर्य, पूर्व अध्यक्ष चांदमल आर्य, आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान बिरजानंद, मंत्री कमलेश शर्मा, शिवगंज के संरक्षक हरदेव आर्य, राजस्थान व्यायाम शिक्षक उम्मेद सिंह आर्य प्रतिनिधि दल ने सहयोग राशि का चेक प्रदान किया।

भारतीय किसान संघ की बैठक हुई

रेवदर, (निसं)। भारतीय किसान संघ तहसील रेवदर एवं मण्डार की संयुक्त टोली बैठक शनिवार को रेवदर में जिला अध्यक्ष मावारामजी चौधरी सोरडा की अध्यक्षता में एवं जोधपुर प्रान्त कार्यकारी सदस्य बीज प्रमुख नाथुराम लोहार अनादरा के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं ने 24 सितम्बर को मण्डार से किसानों की टेक्टूर रैली को लेकर चर्चा की गई। किसानो ने बताया कि रेवदर में मुंगफली खरीद केन्द्र अथावत रखते हुए और मण्डार उप तहसील स्तर पर मुंगफली खरीद केन्द्र अतिरिक्त खोला जाये। रेवदर तहसील के सभी गांवों को आंनलाईन गिरदावरी एवं खसरा नंबर से जोडा जाये तथा प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना का लाभ सभी किसानों को मिलना चाहिए।बीमा कंपनी प्रिमियम राशि किसान के खाते काटकर ले जाती है लेकिन आज दिन तक फसल बीमा क्लेम किसानों को नहीं मिला है सो इसकी जांच होनी चाहिए। वही सेलवाडा सुकली बांध से किसानों को नहर द्वारा सिंचाई हेतु पानी खेतों को दिया जावे। लेकिन समय से पहले टूटी हुई नहर की मरम्मत कार्य पूर्ण किया जावे।फिर किसानों को नहर में पानी सिंचाई के लिए देवें। बैठक जिला उपाध्यक्ष गणपतसिहजी देवडा डांगराली ,जिवारामजी घांची नागाणी, तहसील अध्यक्ष बाबूलाल कोली, तहसील अध्यक्ष भंवरलाल माली, तहसील मंत्री मोहन पुरोहित सेलवाडा सहित कई किसान उपस्थित थे।

67 साल पुराने मकान की बालकनी ढही

पाली, (नि.सं.)। पाली 20 सितंबर शहर के व्यस्त मार्केट जर्दा बाजार में आज दोपहर करीब 67साल पुराने एक मकान की बालकनी ढह गई। इस हादसे के दौरान आस-पास कोई था नहीं अन्यथा जानमाल का नुकसान हो सकता था। इस हादसे के बाद सड़क पर बालकनी का मलबा बिखर गया जिसके लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। शहर के व्यस्त बाजार में आज दोपहर एकपुराने मकान के 2 फ्लोर की बालकनी अचानक टूटकर नीचे फर्स्ट फ्लोर की बालकनी पर गिरी जिससे नीचे की बालकनी भी टूट गई और दोनों बालकनी का मलबा नीचे सड़क पर जा गिरा। गनीमत यह रही कि बालकनी गिरने के दौरान नीचे कोई नहीं था अन्यथा यहां बड़ा बड़ा हादसा हो सकता था। अचानक इन डंक बालकनी का मलबा नीचे की दुकान के शटर और बाहर लगे एसी के कंप्रेशर पर गिरा, जिसके बाद आस पास के लोगों इस दुर्घटना की सूचना नगर निगम को को दी।, वहीं पूर्व पार्षद विकास बुबकिया को जानकारी हुई तो वे भी मौके पर पहुंचे।

धार्मिक स्थान की सफाई की

सायला, (निसं)। भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा पखवाडा के तहत भाजपाईयों ने आसाणा एवं चौराऊ गांव मे आम चौहटे व गौशाला परिसर मे साफ-सफाई कर स्वछता का सन्देश दिया। साथ ही गौशाला परिसर मे एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधरोपण कर गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष नैनमल लखारा, उपाध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित, नरपतसिंह राजपुरोहित, मूलसिंह चम्पावत, बलवंतसिंह दहिया तुरा, राहुल भंडारी, बलवंतसिंह राजपुरोहित, खंगारसिंह दहिया, जबरसिंह राजपुरोहित, घेवाराम माली, विक्रमसिंह चम्पावत, जबरसिंह बी. राजपुरोहित, जबरसिंह वी. राजपुरोहित, लाखसिंह चम्पावत, विजयसिंह, करनसिंह, मोहनलाल, सुखराज, जैसाराम, पारसमल, छगनलाल राजपुरोहित, नरपतसिंह दहिया, मूलाराम, जगदीश वैष्णव, केसाराम राजपुरोहित, लाखाराम मेघवाल, भंवरलाल सोनी, जबराराम माली, पहाड़सिंह, दुर्गसिंह, रायमल देवासी समेत ग्रामीण मौजूद थे।

ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर आयोजित

जालोर, (कासं)। जिले में शनिवार को जालोर तहसील की चूरा व बाकरा, आहोर तहसील की बिठूडा व कवराडा, भाद्राजून तहसील की भाद्राजून व निम्बला, सायला तहसील की जीवाणा व बावतरा, बागोडा तहसील की जैसावास व नया मोरसीम, भीनमाल तहसील की जेरण व बोरटा, जसवंतपुरा तहसील की रामसीन व माण्डोली, रानीवाडा तहसील की धामसीन व धानोल, सांचौर तहसील की सेडीया व धमाणा एवं चितलवाना तहसील की खेजडिवाली व सिपाहियों में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणजन को लाभान्वित किया गया। 9 सितंबर, वर्ष 2022 को भारत की तत्कालीन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आरंभ किए गए राष्ट्र व्यापी अभियान प्रधानमंत्री टी. बी. मुक्त भारत के अंतर्गत जालोर जिले की ग्राम पंचायत बाकरा में आयोजित हुए ग्रामीण सेवा शिविर में वरिष्ठजन श्री भभूताराम सरगरा को शिविर प्रभारी तहसीलदार संजय बोहरा एवं निक्षय मित्र द्वारा निक्षय पोषण किट वितरित की गई।

बैलों से खेती के लिए प्रोत्साहन मिला

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार की वर्ष 2025-26 बजट घोषणा के अंतर्गत प्रदेश में लघु व सीमांत कृषकों को बैलों से खेती करवाए जाने हेतु प्रोत्साहन सहायता राशि के रूप में प्रतिवर्ष 30,000 रूपए प्रदान किए जाने के क्रम में जिले की ग्राम पंचायत धानोल में शनिवार को आयोजित हुए ग्रामीण सेवा शिविर में किसान चुणाराम कोली को पशुपालन विभाग के कार्मिकों द्वारा बैलों को हेल्थ सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। जिसके फलस्वरूप उन्हें प्रोत्साहन सहायता राशि प्राप्त होगी। इस अवसर पर किसान चुणाराम कोली ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं ब्लॉक विकास अधिकारी, रानीवाडा हेमलता विश्नोई व पशुपालन विभाग के डॉ नवीन कुमार सहित विभागीय कार्मिकों का आभार जताया।

वन विभाग ने अवैध फसल हटाई

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिले की फतेहगढ़ तहसील के तेजरावा गांव में सरकारी जमीन पर की जा रही अवैध खेती पर वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 5 सौ बीघा जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाया। सहायक वन संरक्षक अशोकसिंह ने बताया विभाग को लम्बे समय से सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से खेती करने की शिकायत मिल रही थी। टीम बनाकर करीब 50 से ज्यादा अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण ट्रैक्टरों की मदद से हटाकर सरकारी जमीन से अवैध फसल, तारबंदी आदि से अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस थाना झिनझिनयाली से पुलिस जाब्ता भी मौके पर मौजूद रहा, जिससे किसी प्रकार की अवांछित स्थिति पैदा नहीं हुई। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे भविष्य में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने से बचें और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

सुरताराम को आवासीय पट्टा मिला

जालोर, (कासं)। ग्रामीण सेवा शिविर, 2025 के अंतर्गत जालोर जिले की नया मोरसीम ग्राम पंचायत में शिविर में प्राथी सुरताराम जाति गाडिया लोहार ने प्रार्थना पत्र पेश किया। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया कि उन्हें आबादी भूमि पर आवासीय पट्टा उपलब्ध करवाया जाए, उक्त मामले पर शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार, बागोडा वीरमाराम राणा ने तुरंत संज्ञान लेते हुए पंचायती राज विभाग की ड्रोन सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर सुरताराम को आवासीय पट्टा उपलब्ध करवाने के लिए त्वरित कार्रवाई की।

समाज सेवा की सच्ची सीख सिखाती है स्काउटिंग : भाटी

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में दिनांक 15 से 21 सितम्बर तक आयोजित जिला स्तरीय कब एवं स्काउट यूनिट लीडर बेसिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंग बाड़ी पाली में किया जा रहा है। शिविर में जिले के 96 विद्यालयों से 97 अध्यापक यूनिट लीडर के रूप में सहभागिता कर रहे हैं।

18 से 22 तक जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी शिविर केन्द्र पर किया जा रहा है जिसमें 116 स्काउट सहभागिता कर रहे हैं।

सी.ओ. स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि राज्य पुरस्कार स्काउट प्रशिक्षण और यूनिट लीडर प्रशिक्षण शिविर में आज पाली विधानसभा विधायक भीमराज भाटी ने शिविर का अवलोकन किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे संभागियों से रूबरू हुए।

विधायक भाटी ने संभागियों से रूबरू होते हुए बताया कि स्वयं बाल्यकाल में कब, स्काउट ओर रोवर के रूप में स्काउट गतिविधि से जुड़कर स्काउट प्रवृति से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि अनुशासन के साथ में समाज सेवा की सच्ची सीख सिखाने वाली सबसे उत्कृष्ट गतिविधि स्काउटिंग है जिसमें बालक बालिकाएं बाल्यकाल से अनुशासन और सेवा के भावना की ओर प्रवृत्त होते हुए देश के लिए सुनागरिक के रूप में तैयार होते है। उन्होंने स्वयं को विद्यार्थी जीवन में स्काउट के रूप में बिताए शिविर जीवन की स्मृतियों को साझा किया।

विधायक भीमराज भाटी ने अपने उद्बोधन में स्काउट गाइड के क्षेत्र में जिले में संचालित गतिविधियों की तारीफ करते हुए स्काउट गाइड प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त की एवं प्रशिक्षण केंद्र में विकास कार्यों के लिए विधायक कोष से 25 लाख रुपए के निर्माण कार्यों की घोषणा की। सभी स्काउट गाइड और प्रशिक्षण शिविर के संभागीयों द्वारा हर्षनाद कर आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर भामाशाह ओर समाज सेवी मदन जागरवाल भी उपस्थित रहे।

सी.ओ. गाइड डिंपल दवे ने बताया शिविर में प्राथमिक सहायता, आपदा प्रबंधन, खोज के चिन्ह, ध्वज शिष्टाचार, ओर यूनिट संचालन बाबत आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थी ओर स्टाफ सहित 250 संभागी उपस्थित रहे। 5 दिवसीय राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर में पाठ्यक्रम के अनुसार विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है सायं के सत्र में शिविर में भामाशाह ओर आजीवन सदस्य प्रतिनिधि ओम प्रकाश परिहार ओर मोहन लाल सुखाड़िया ने स्काउट का मार्गदर्शन कर सेवा भाव से जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में स्काउट शिविर संचालक पुरुषोत्तम पुरी गोस्वामी, आलोक शर्मा, कब यूनिट लीडर शिविर के संचालक कर्माराम, रघुनाथ राम मीणा, मूलाराम पंवार, ढलाराम राठौड़, वजाराम राणा, दौलत सिंह, रमेश कुमार सोलंकी, जयपाल सिंह, भारत दाधीच, प्रदीप कुमार शर्मा, कैलाश कुमार, विशाल, घिसा राम आदि के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

विधवा को मिला न्याय, 20 लाख मुआवजा का आदेश

जालोर, (कासं)। जिला उपभोक्ता आयोग जालोर अध्यक्ष घनश्याम यादव ने बीमा कंपनी को सेवा में त्रुटि का दोषी मानते हुए मृतक की विधवा को बीमा क्लेम की राशि बीस लाख रुपए मय ब्याज देने का आदेश सुनाया है। साथ ही बीमा कंपनी पर एक लाख सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

परिवादी सीतादेवी पत्नि धनाराम चौधरी, निवासी कारलू ने परिवाद पेश कर बताया कि परिवादिया के पति धनाराम द्वारा बीमा कम्पनी एस. बी. आई. जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लि. से एक व्यक्तिगत दुर्घटना पॉलिसी एक वर्ष की अवधि के लिए ली थी, जिसके लिए परिवादिया के पति द्वारा एसबीआई बीमा कम्पनी को एक हजार रुपये का भुगतान किया था। 14 मार्च 2020 को परिवादिया के पति अपनी स्कूटी से कारलू से शिवगढ जा रहे थे तो अचानक स्कूटी से गिरने से उनके सिर में गहरी चोट आई, जिससे दौराने इलाज उनकी मौत हो गई।

परिवादिया ने एक क्लेम सम्पूर्ण दस्तावेजों सहित नॉमिनी होने से एसबीआई बीमा कम्पनी के समक्ष पेश किया। बीमा कंपनी ने अपने पत्र 18 फरवरी 2021 के द्वारा क्लेम को खारिज किये जाने की सूचना दी। जिस पर परिवादिया ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से विधिक नोटिस भेजा, जिसका बीमा कंपनी ने जवाब भेजकर क्लेम देने से इनकार कर दिया। इस प्रकार अप्रार्थी बीमा कम्पनी ने केवल मात्र सुनी सुनाई बातों को आधार मानकर बीमा क्लेम को गलत रूप से खारिज किया है। परिवादिया ने आयोग से क्लेम राशि एवं हर्जाना दिलाने की मांग की। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष घनश्याम यादव एवं सदस्य निरंजन शर्मा ने तथ्यों और बीमा कंपनी के जवाब आदि तथ्यों का अवलोकन करने के पश्चात बीमा कंपनी जरिए प्रबंध संचालक को सेवा में त्रुटि को दोषी मानते हुए 45 दिन के भीतर बीमा क्लेम राशि 20 लाख रुपये परिवाद प्रस्तुत करने की दिनांक से ब्याज सहित देने का आदेश दिया है।

साथ ही मानसिक वेदना और आर्थिक हर्जाने के रुप में एक लाख रुपये और परिवाद व्यय के सात हजार रुपये कुल एक लाख सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

साथ ही बीमा कंपनी को भविष्य में बीमा क्लेम में सेवा दोष नहीं करने की हिदायत भी दी है।

सेवा पखवाड़ा में प्रबुद्ध वर्ग संवाद आयोजित

जालोर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) के उपलक्ष्य में देशभर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कडी में शनिवार को जालोर जिला परिषद सभागार में प्रबुद्ध वर्ग संवाद कार्यक्रम का आयोजन राज्य वित्त आयोग चेयरमैन तथा भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यकम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में किसान आयोग चेयरमैन एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी, जालोर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी,माटी कला बोर्ड चेयरमैन प्रहलाद राय टांक,जिला संगठन प्रभारी महेंद्र बोहरा, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला प्रमुख राजेश राणा,पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह बालावत,पूर्व मंत्री भूपेंद्र देवासी बतौर अतिथि उपस्थिति रहे।

इस कार्यक्रम के संयोजक के नाते परमवीर सिंह भाटी ने भूमिका निभाई। जिला प्रवक्ता दिनेश महावर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजस्थान राज्य वित्त आयोग के चेयरमैन एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी रहे।

उन्होंने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में हुए बहुआयामी विकास कार्यों, लोककल्याणकारी योजनाओं, सेवा एवं सुशासन के मॉडल पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति तक पहुँच रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित को राजनीति का आधार बनाकर नए मानदंड स्थापित किए हैं। सेवा पखवाडा का उद्देश्य भी आमजन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाना और समाज में सेवा-भावना को बढावा देना है।

कार्यक्रम में जालोर जिले के विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी, शिक्षाविद, अधिवक्ता, चिकित्सक, महिला प्रतिनिधि सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में अपने विचार रखे तथा सेवा-पखवाडा से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित द्वारा जिला स्तर पर सेवा पखवाडा के तहत विभिन्न सेवा एवं जनजागरण गतिविधियों के आयोजन की रूपरेखा भी इस अवसर पर प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम से पूर्व जालौर सीमा पर जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के नेतृत्व में भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। उसके पश्चात सेवा पखवाडा संयोजक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य में सर्किट हाउस में कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने की। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह सिसोदिया तथा भवानी सिंह देता ने किया एवं अंत में जिला संगङ्गन प्रभारी महेंद्र बोहरा ने सभी प्रबुद्ध जनों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल, मुकेश राजपुरोहित, हीरालाल शाश्वत, गिरधारी देवासी, जिला महामंत्री बंशीलाल सुथार, प्रकाश छाजेड, जिला प्रवक्ता दिनेश महावर, हिंगलाज चारण, सुरेश राजपुरोहित, उर्मिला दर्जी ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष ओबाराम देवासी,मन की बात संयोजक सुरेश सोलंकी,नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, वरिष्ठ भाजपा नेता चिरंजीलाल दवे, उद्योगपति पुष्पराज बोहरा, परमानंद भट्ट, पेंशनर समाज अध्यक्ष धनराज दवे, रतन सिंह कानीवाडा, जोगेश सेन, सुरेश सुन्देशा, अमन मेहता, महेंद्र मुनोत, महेश भट्ट, बाबूलाल मेघवाल, गणपत सिंह, टीकमचंद, दिनेश बारोट, अंजना भट्ट, शिला विश्नोई, गीता बारोट, डिंपल सिंह सहित उपस्थित रहे।

सांडे का शिकार करत शिकारी गिरफ्तार, दो फरार

बाप, (निसं)। बाप से भींवजी का गांव जाने वाले कच्चे रास्ते पर शनिवार तड़के वन विभाग की टीम ने गश्त के दौरान प्रथम वन्यजीव श्रेणी के जीव सांडे के अवैध शिकार करते एक शिकारी को गिरफ्तार किया गया है। दो शिकारी झाड़ियों व अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रेमाराम के नेतृत्व में वन विभाग की टीम बीती रात गश्त पर थी। शनिवार अल सुबह पांच से छह बजे भींवजी का गांव जाने वाले कच्चे मार्ग पर तीन शिकारी सांडे का शिकार करते नजर आए। जिस पर टीम ने तत्काल मौके पर पहुंच एक शिकारी सोहनलाल पुत्र प्रभुराम बावरी को मौके पर दबोच लिया। दो अन्य शिकारी अंधेरा व बबूल की झाड़ियों का फायदा उठा वहां से भाग गए। क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रेमाराम ने बताया कि शिकारी के कब्जे से एक सरिया, प्लास और शिकार में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई। साथ ही शिकारी से कुल 31 सांडे बरामद किए। इनमें से 30 घायल अवस्था में थे, जिन्हें वन भूमि में छोड दिया गया, जबकि एक मृत सांडे का पोस्टमार्टम करवाकर दफना दिया गया। उन्होंने बताया कि अंधविश्वास के चलते सांडे का शिकार किया जाता है। शिकार किए गए सांडे का तेल निकालकर उसे दवाओं के रूप में उपयोग करते हैं, जबकि यह पूरी तरह अवैज्ञानिक व गैरकानूनी है।

OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT GODAN
PS JALORE

No.- GP/2025-26/82 DATE -18-09-2025

-: Notice Inviting Bid:-

Bid for **SUPPLY OF CONSTRUCTION MATERIAL AND PROVIDING EQUIPMENT FOR VARIOUS SCHEMES AT GRAM PANCHAYAT GODAN** are invited from interested bidders **upto Date 03.10.2025 at 6:00 PM** other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in , http://sppp.raj.gov.in) of the state and notice board of this office. The approximate value of the procurement is **Rs.70 lakh .**

NIB code :ZJR2526A0523
UBN : ZJR2526GLOB00845

Sarpanch Gram panchayat Godan — **Village Development officer** Gram panchayat Godan

OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT DEVKI
PS JALORE

No.- GP/2025-26/31 DATE -19-09-2025

-: Notice Inviting Bid:-

Bid for **SUPPLY OF CONSTRUCTION MATERIAL AND PROVIDING EQUIPMENT FOR VARIOUS SCHEMES AT GRAM PANCHAYAT DEVKI** are invited from interested bidders **upto Date 29.09.2025 at 11:00 AM** other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in , http://sppp.raj.gov.in) of the state and notice board of this office. The approximate value of the procurement is **Rs. 60 lakh .**

NIB code :ZJR2526A0525
UBN : ZJR2526GLOB00847

Sarpanch Gram panchayat Devki — **Village Development officer** Gram panchayat Devki

स्वामी विवेकानंद स्कूल में स्कूल विकास और प्रबंधन समिति का गठन

रानीवाड़ा,(नि.सं.)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, रानीवाड़ा में आज शिक्षा के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई, जहां एसडीएमसी (स्कूल विकास और प्रबंधन समिति) का गठन किया गया। बैठक सिर्फ एक औपचारिक मुलाकात नहीं थी, बल्कि एक ऐसी पहल थी जो साबित करती है कि शिक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है। स्कूल प्रबंधन, अभिभावक और समुदाय ने मिलकर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की राह बनाई। यह एक ऐसा कदम है जो बताता है कि जब सब मिलकर काम करते हैं, तो कोई भी मुश्किल बड़ी नहीं होती।

विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक की शुरुआत सचिव भूरसिंह मीना के अभिनंदन के साथ हुई, जिन्होंने सभी अभिभावकों को अपने विचार और सुझाव रखने के लिए आमंत्रित किया। बैठक का सबसे बड़ा उद्देश्य छात्रों के शैक्षिक और सह-शैक्षिक विकास पर खुलकर बात करना था। प्रधानाचार्य ने इस बात पर जोर दिया कि सिर्फ किताबों का ज्ञान ही काफी नहीं है, बल्कि छात्रों का समठा विकास जरूरी है। खेल, कला, संगीत और अन्य गतिविधियों के जरिए उनमें छिपी प्रतिभाओं को बाहर लाना ही असली शिक्षा है। अभिभावकों ने अपनी बेबाक राय रखी। प्रवीण कुमार ने कहा कि विद्यालय और घर पर बोलचाल में अंग्रेजी भाषा का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग किया जाना चाहिए। वहीं, पुरेश पटेल ने कहा कि खेलकूद में बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और मॉडल स्कूल का नाम रोशन कर जिले में अपनी धाक जमा रखी है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों को भी शैक्षिक गुणवत्ता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। पुरेश पटेल ने महिला अध्यापिका की कमी को एक गंभीर विषय बताया और इसके लिए जनप्रतिनिधियों और विधायक के माध्यम से सरकार तक बात पहुंचाने की बात कही।

गुमान सिंह राव ने कहा कि रानीवाड़ा के लोग भाग्यशाली हैं कि पूरे जालोर जिले में सीबीएसई पैटर्न की अंठोजी माध्यम, स्मार्ट क्लासरूम और अच्छी सुविधाओं वाली गुणवत्तापूर्ण और नि:शुल्क शिक्षा सिर्फ मॉडल स्कूल में मिल रही है। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को धन्यवाद दिया, जिन्होंने रानीवाड़ा में इस स्कूल की नींव रखी। उन्होंने अध्यापकों की कमी पर भी चिंता जताते हुए कहा कि पूर्व की तरह समय-समय पर साक्षात्कार आयोजित किए जाने चाहिए ताकि मॉडल स्कूलों को शिक्षकों की कमी का सामना न करना पड़े।

अध्यापक अभिभावक परिषद के अध्यक्ष करनाराम देवासी ने कहा कि मोबाइल से दूरी बनाए रखनी चाहिए और इसके लिए अभिभावकों को भी बच्चों के सामने मोबाइल का कम से कम उपयोग करना चाहिए। धनराज मीणा ने सुझाव दिया कि जिला और राज्य स्तरीय खिलाड़ियों के साथ महिला अध्यापिका को भी साथ भेजा जाना चाहिए। प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार ने सुझावों पर संतुष्टि जाहिर कर कहा कि यह विद्यालय अंग्रेजी माध्यम का स्कूल है और विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय भेजकर और घर पर पढ़ने के लिए प्रेरित करके ही बेहतर शैक्षिक वातावरण बनाया जा सकता है। उन्होंने आग्रह किया कि बच्चों के साथ उनके शिक्षकों और विद्यालय के बारे में बातचीत करें ताकि उनमें शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

सचिव भूरसिंह मीणा ने सर्वसम्मति से गठित हुई नई एसडीएमसी के सदस्यों के नाम की घोषणा की, जिसमें गंगाराम, करनाराम, पिंकी देवी लखारा, इंदिरा सेन, राजेंद्र कुमार सुथार, गोविंद रावल, सुखदेव सिंह, श्रवण कुमार, विजय राज जैन, रेखा देवी, दिनेश कुमार, विज्ञान प्रतिनिधि रमेश कुमार पांचाल, सामाजिक विज्ञान प्रतिनिधि मुकेश कुमार गुर्जर, विधायक प्रतिनिधि अंबालाल चितारा और गुमान सिंह राव शामिल हैं।

बैठक के अंत में राज्य स्तर पर चयनित खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया और उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर नेतराम मीणा, बगदाराम सौलंकी, लक्ष्मण राम चौहान, रोहित कुमार, चेतन दान, योगेश कुमार, निशार खान, हंजारी मल, कृष्ण कुमार पुरोहित, भंवर सिंह धानोल, नंदकिशोर जीनगर, जयंती लाल, मुकेश कुमार मीणा, खेमाराम, गोविंद कुमार, हुसैन खान, हरीश कुमार, हरि प्रकाश, जितेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, अजवाराम, भगवान सिंह, पोपटलाल, हरजीराम, नंदकिशोर जीनगर, सिकंदर अली, महेंद्र बशीर खान, लालाराम, इंदिरा, गीता देवी, पिंकी देवी और कई अन्य अभिभावक मौजूद रहे।

संतों ने दिया आशीर्वाद

जालोर, (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट-गाइड स्थानीय संघ जसवंतपुरा का द्वितीय, तृतीय सोपान व राज्य पुरुस्कार प्रशिक्षण शिविर बलवंत ढाणी डोरडा में महंत बाबुगिरी महाराज (पुनासा मठ), महंत आशा भारतीजी महाराज (गोल मठ उम्मेदाबाद), महंत प्रेमभारती महाराज (गजीपुरा मठ) महंत कुलदीप भारती महाराज डोरडा मठ , महंत शिव भारती महाराज, महन्त काशीनाथ महाराज, अमृतनाथ महाराज, अष्ट कौशल महंत कमल भारती महाराज ने स्काउट- गाइड को आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भाखरा राम राणा द्वारा स्काउट एवं गाइड को स्काउट की प्रत्येक गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि स्काउटिंग गतिविधि बालक को जीवन जीने की कला सिखाती हैं। इस कैम्प में भोजन इत्यादि की व्यवस्था में सहयोगी भामाशाह कुलदीप भारती महाराज, झालम सिंह, मकन सिंहे, गणपत सिं, मगन रावल डोरडा का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। स्थानीय सचिव विरेन्द्र सिंह द्वारा कैम्प में हुई गतिविधियों जैसे-स्काउट नियम, प्रार्थना, झंडा गीत, गांठे, प्राथमिक उपचार, पायोनियरिंग,लेंसिंग,सीटी के संकेत, खोज चिन्ह,कम्पास,ध्वज शिष्टाचार, बी.पी. सिक्स व्यायाम इत्यादि के बारे में बताया। पर प्रशिक्षक दलपत सिंह जोधा, प्रताप दास वैष्णव,प्रधानाचार्य तुलसाराम, वागा राम सुथार, शैलेन्द्रसिंह चारण, स्काउटर- जसाराम विरास, हिराराम, रामेश्वरलाल, लेराराम, मांगीलाल, भीखाराम, मोमताराम, अशोक कुमार, गाईडर गुंजन शर्मा, दक्ष प्रशिक्षक ने स्काउट गाइड को प्रशिक्षण दिया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

स्टेशन रोड शाखा, रिजर्व पुलिस लाईन के सामने जयपुर, राजस्थान 302001, फोन नं.: 8094018326 ई-मेल: stajai@bankofbaroda.com

BOB/STAJAI/2024/ADV/05-176 दिनांक: 10.09.2025

(1) मैसर्स गोविन्दा टेक्सटाईल जरिये प्रोपराईटर श्री गोविन्द राठी
फैक्ट्री पता- प्लॉट नं. 02, प्रथम तल, श्री राम विहार सांगानेर, रीको कांटा के पास, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान 302020
(2) मैसर्स गोविन्दा टेक्सटाईल जरिये प्रोपराईटर श्री गोविन्द राठी
रजि. पता (जीएसटी)- ए-36, न्यू सचिवालय विहार कल्याणपुरा इंडस्ट्रीयल एरिया केशवाना, जयपुर, राजस्थान 303108
(3) श्री गोविन्द राठी पुत्र ओमप्रकाश